# डायरी का एक पन्ना
# क्लास -१०

## पाठ का नाम -डायरी का एक पन्ना
## पाठ २

**PPT 2**



Website: www.odmegroup.org
Email: info@odmps.org
Toll Free: 1800 120 2316
Sishu Vihar, Infocity Road, Patia, Bhubaneswar- 751024

# पाठ व्याख्या

- 26 जनवरी : आज का दिन तो अमर दिन है। आज के ही दिन सारे हिंदुस्तान में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया था। और इस वर्ष भी उसकी पुनरावृत्ति थी जिसके लिए काफ़ी तैयारियाँ पहले से की गयी थीं। गत वर्ष अपना हिस्सा बहुत साधारण था। इस वर्ष जितना अपने दे सकते थे ,दिया था। केवल प्रचार में दो हज़ार रूपया खर्च किया गया था। सारे काम का भार अपने समझते थे अपने ऊपर है ,और इसी तरह जो कार्यकर्ता थे उनके घर जा -जाकर समझाया था।अमर दिन - जिसे हमेशा याद रखा जायेगा
  पुनरावृत्ति - फिर से आना
  अपना/अपने - हम /हमारे /मेरा (लेखक द्वारा अपने लिए प्रयोग किये गए शब्द )
  कार्यकर्ता - स्वयंसेवक
  (यहां लेखक 26 जनवरी 1931 के लिए की गई तैयारियों का वर्णन कर रहा है )
  26 जनवरी : लेखक कहते हैं कि 26 जनवरी 1931 का दिन हमेशा याद रखा जाने वाला दिन है। 26 जनवरी 1930 के ही दिन पहली बार सारे हिंदुस्तान में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया था और 26 जनवरी 1931 को भी फिर से वही दोहराया जाना था ,जिसके लिए बहुत सी तैयारियाँ पहले से ही की जा चुकी थी। पिछले साल बंगाल या कलकत्ता की तैयारियाँ काफ़ी साधारण थी। इस साल वहाँ के निवासी जितना दे सकते थे उतना दिया था। सिर्फ़ इस दिन को मनाने के प्रचार में ही दो हज़ार रूपया खर्च हुए थे। बंगाल या कलकत्ता के निवासी सारे कामों के महत्त्व को समझते थे कि सारा काम उन्हें स्वयं ही करना है और यही बातें उन्होंने सारे स्वयंसेवियों को उनके घर - घर जा -जाकर बताई थी।

# पाठ व्याख्या

EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

- बड़े बाज़ार के प्रायः मकानों पर राष्ट्रीय झंडा फहरा रहा था और कई मकान तो ऐसे सज़ाएँ गए थे कि ऐसा मालूम होता था कि मानो स्वतंत्रता मिल गई हो। कलकत्ते के प्रत्येक भाग में ही झंडे लगाए गए थे। जिस रास्ते से मनुष्य जाते थे ,उसी रास्ते में उत्साह और नवीनता मालूम होती थी। लोगों का कहना था कि ऐसी सजावट पहले नहीं हुई।सारजेंट - सेना का एक पद
- लारियाँ - गाड़ियाँ
  (यहाँ लेखक 26 जनवरी को होने वाले समारोह को रोकने के लिए पुलिस की तैयारियों का वर्ण कर रहा  है )
  पुलिस अपनी पूरी ताकत के साथ पूरे शहर में पहरे के लिए घूम -घूम कर प्रदर्शन कर रही थी। मोटर गाड़ियों में गोरखे और सेना के अध्यक्ष हर मोड़ पर मौजूद थे। न जाने कितनी गाड़ियाँ शहर भर में घुमाई जा रही थी। घुड़सवारों का भी प्रबंध किया गया था। टैफ़िक पुलिस कही पर भी नहीं थी क्योंकि सभी पुलिस कर्मचारियों को शहर में पहरे के लिए घूमने का काम दिया गया था। बड़े - बड़े पार्कों और मैदानों को सवेरे से ही पुलिस ने घेर रखा था क्योंकि वही पर सभाएँ और समारोह होना था।

# पाठ व्याख्या

- मोनुमेंट के निचे जहाँ शाम को सभा होने वाली थी उस जगह को तो भोर में छः बजे से ही पुलिस ने बड़ी संख्या में घेर लिया था ,पर तब भी कई जगह तो भोर में ही झंडा फहराया गया। श्रद्धानन्द पार्क में बंगाल प्रांतीय विद्यार्थी संघ के मंत्री अविनाश बाबू ने झंडा गाड़ा तो पुलिस ने उनको पकड़ लिया तथा और लोगों को मारा या हटा दिया। तारा सुंदरी पार्क में बड़ा बाज़ार कांग्रेस कमेटी के युद्ध मंत्री हरिश्चंद्र सिंह झंडा फहराने गए पर वे भीतर न जा सके। वहाँ पर काफी मारपीट हुई और दो - चार आदमियों के सर फट गए। गुजरती सेविका संघ की ओर से जुलूस निकला जिसमे बहुत सी लड़कियां थी उनको गिरफ्तार कर लिया।
  मोनुमेंट - स्मारक
  भोर - सुबह
  जुलूस - जनसमूह या भीड़
  (यहाँ वर्णन है कि किस तरह से पुलिस लोगो को रोक रही थी )

# पाठ व्याख्या

- स्मारक के नीचे जहाँ शाम को सभा होने वाली थी उस जगह को तो सुबह के छः बजे से ही पुलिस ने बड़ी संख्या में आकर घेर कर रखा था ,इतना सब कुछ होने के बावजूद भी कई जगह पर तो सुबह ही लोगों ने झंडे फहरा दिए थे। श्रद्धानन्द पार्क में बंगाल प्रांतीय विद्यार्थी संघ के मंत्री अविनाश बाबू ने झंडा गाड़ा तो पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया और अपने साथ ले गई ,इसके साथ ही वहां इकठ्ठे लोगों को मारा और वहां से हटा दिया। तारा सुंदरी पार्क में बड़ा बाजार कांग्रेस कमेटी के युद्ध मंत्री हरिश्चंद्र सिंह झंडा फहराने गए परन्तु वे पार्क के अंदर  ही ना जा सके। वहां पर भी काफी मारपीट हुई और दो - चार आदमियों के सर फट गए। गुजरती सेविका संघ की ओर से लोगों का एक समूह निकला ,जिसमें बहुत सी लड़कियाँ थी ,उनको गिरफ़्तार कर लिया गया।

# गृहकार्य

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

- आज का दिन कैसा था ?
- सारे हिंदुस्तान में स्वतंत्रता दिवस कब मनाया गया ?
- 1--पाठ के लेखक कौन है ?
- 2--किस दिन अमर दिन था ?
- 3--प्रचार प्रसार केलिए कितना पैसा खर्च किया गया ?
- 4-प्रचार प्रसार क्यों किया गया ?
- 5-राष्ट्रीय झण्डा कहाँ फहरा गया ?
- 6-प्रत्येक मोड पर कौन तैनात थे ?
- शाम का सभा कहाँ होने वाली थी ?
- अबिनाश बाबू कौन है ?
- युद्ध मंत्री कौन है ?
- डायरी का एक पन्ना पाठ को संपूर्ण रूप से पढना और कठिन शब्दों को रेखांकित

ODM EDUCATIONAL GROUP
*Changing your Tomorrow*

# THANKING YOU

# ODM EDUCATIONAL GROUP